NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

DAINIK BHASKAR, Surat, 22.9.2020
Page No. 3, Size:(11.36)cms X (15.27)cms.

बुलेट ट्रेनः एक ही दिन में 78 मालिकों ने जमीन देने को सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए

सूरत | बुलेट ट्रेन (एनएचएसआरसीएल) परियोजना के लिए सूरत जिले में भूमि अधिग्रहण के लिए सोमवार का दिन खास रहा। एक ही दिन में 78 मालिकों ने अपनी जमीन देने के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना के लिए अपनी भूमि देने के लिए ये जमीन मालिक एक साथ आए थे। इन जमीन मालिकों में से अधिकांश गांव घलूड़ी के थे। यहां के 69 मालिकों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। शेखपुर के 5 जमीन मालिकों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। बाकी लोग कुद्सद गांव के थे। इस सफलता के पीछे का कारण एनएचएसआरसीएल की पारदर्शी भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया और अधिकारियों के सक्रिय रवैया बताया जा रहा है। एनएचएसआरसीएल अधिकारियों का कहना है कि परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण का काम तेजी से किया जा रहा है। जमीन मालिकों को इसमें कोई समस्या नहीं है। जमीन अधिग्रहण आसानी से कर लिया जाएगा।